# Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University

## (Accredited A++ by NAAC)

### University in News on 07 June 2024

**Dainik Jagran Page - 04, 05**

## योग करने की शपथ दिलाएगा गोवि

## प्रवेश के लिए आवेदन का अंतिम मौका कल तक

**Amar Ujala page - 07**

### डीडीयू व द हाउस ऑफ मोजैक में एमओयू

## स्नातक, परास्नातक और रेट में प्रवेश की अंतिम तिथि कल

**करार के बाद कुलपति पूनम टंडन, अमरीश चंद्रा । संवाद**

**गोरखपुर।** गोरखपुर विश्वविद्यालय में स्नातक, परास्नातक और शोध पात्रता परीक्षा-2023 में प्रवेश के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि आठ जून है। जो विद्यार्थी पंजीकरण कर लेंगे, वे 10 जून तक अपना फॉर्म पूरित कर सकेंगे। आवेदन की अंतिम तिथि नजदीक आने के साथ ही तिथि विस्तारित किए जाने की मांग उठने लगी है। बड़ी संख्या में छात्रों ने आवेदन की तिथि विस्तारित किए जाने की मांग की है। संवाद

**Hindustan Page 05, 06, 07**

आठ जून निर्धारित है पंजीकरण की अंतिम तिथि

## रेट, यूजीव पीजी में प्रवेश का कल अंतिम मौका

एमओयू के दौरान डीडीयू की कुलपति प्रो. पूनम टंडन व अन्य। ● हिन्दुस्तान

### डीडीयू व द हाउस ऑफ मोजैक में एमओयू

गोरखपुर। डीडीयू की कुलपति प्रो. पूनम टंडन और द हाउस ऑफ मोजैक के फाउंडर सीईओ अमरीश चंद्रा द्वारा सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स (एसडीजी) के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किया। इसके तहत विभिन्न क्षेत्रों में दोनों संस्थान मिलकर कार्य करेंगे। संचालन गृह विज्ञान की विभागाध्यक्ष प्रो. दिव्या रानी सिंह ने किया। इस मौके पर कुलसचिव प्रो शान्तनु रस्तोगी, प्रो दिनेश यादव, प्रो गौरहरि बेहरा, डॉ. प्रीति गुप्ता, डॉ. अनुपमा कौशिक आदि मौजूद रहे।

## बीएड और बीपीएड की परीक्षाएं 13 जून से

गोरखपुर। डीडीयू और सम्बद्ध कॉलेजों में बीएड, बीपीएड और एमएड के सम सेमेस्टर की परीक्षा की तिथि घोषित की गई है। बीएड द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा 14 से 22 जून, चतुर्थ सेमेस्टर की 13 से 21 व एमएड द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा 21 से 26 जून तक होगी।

### बीएड द्वितीय सेमेस्टर की मौखिक परीक्षा 7 को

गोरखपुर। डीडीयू में बीएड द्वितीय सेमेस्टर सत्र 2023-2024 के छात्र-छात्राओं की मौखिक परीक्षा 7 जून को सुबह 10 बजे से (महाराणा प्रताप परिसर) शिक्षा संकाय में होगी। विभागाध्यक्ष प्रो. सरिता पांडेय ने कहा कि समबंधित सभी छात्र-छात्राएं प्रवेश पत्र के साथ आएं।

**Inext Page - 04, 05**

## योग दिवस पर योग करने की शपथ दिलाएगा डीडीयू

## कल आवेदन का अंतिम मौका

**GORAKHPUR (6 June):** दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में शोध पात्रता परीक्षा-2023 और सत्र 2024 के स्नातक व परास्नातक में प्रवेश के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि आठ जून है. जो विद्यार्थी पंजीकरण कर लेंगे, वे 10 जून तक उन्हें फार्म पूरा करने का मौका मिलेगा. ऐसे में विश्वविद्यालय में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए आठ जून अंतिम मौका है. विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए अबतक करीब 56 हजार से अधिक ने अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है.

**Rashtriya Sahara Page - 05**

## पूर्ण एसडीजी जागरूक विवि बनाने का होगा प्रयास

**Nirbhik India**

## सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स हासिल करने हेतु डीडीयू व द हाउस आफ मोजैक के बीच समझौता

**Swatantra Chetna Page - 05**

### डीडीयू के साथ द हाउस ऑफ मोजैक ने किया एमओयू

## विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए आवेदन का कल अंतिम मौका

**☐ पंजीकरण कराने वाले 10 तक करें फॉर्म सबमिट**

स्वतंत्र चेतना

गोरखपुर क्षीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में शोध पात्रता परीक्षा-2023 और सत्र 2024 के स्नातक व परास्नातक में प्रवेश के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 8 जून है। जो विद्यार्थी पंजीकरण कर लेंगे, वे 10 जून तक अपना फॉर्म पूरित कर सकेंगे। डीडीयू में अभी तक प्रवेश के लिए करीब 56 हजार से अधिक ने पंजीकरण कराया है।डीडीयू में स्नातक और परास्नातक सत्र 2024-25 और रेट-2023-24 के लिए ऑनलाइन प्रवेश की प्रक्रिया अप्रैल में शुरू हुई थी। उसके बाद कई बार तिथि विस्तारित की गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन जुलाई में ही अन्य कक्षाओं के साथ ही यूजी-पीजी और पी पीएचडी की कक्षाएं शुरू कराने की कोशिशों में जुटा है। इसे देखते हुए कोशिश है कि जून के अंतिम हफ्ते में प्रवेश परीक्षा सम्पन्न करा ली जाए। डीडीयू प्रशासन ने कहा है कि जिन अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है वे जल्द से जल्द फॉर्म पूरित कर लें।

**अब तक 56 हजार से अधिक पंजीकरण**

डीडीयू में प्रवेश के लिए स्नातक में 35162 ने पंजीकरण कराया है। इसी तरह परास्नातक के लिए 15528 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है। रेट-2023 के लिए कुल 5906 ने पंजीकरण कराया है। डीडीयू के प्रवेश पोर्टल को इस बार रिकॉर्ड संख्या में सर्च किया गया है। अप्रैल से अब तक सवा करोड़ से अधिक छात्र-छात्राएं प्रवेश पोर्टल पर पहुंचे हैं। गुरुवार को दोपहर तक कुल 1 करोड़ 25 लाख 61 हजार 799 हिट्स मिले थे।